Title Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-116 सागवाड़ा, रविवार, 26 दिसम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## समाज सेवी दलीचन्द बुनकर जिलाध्यक्ष मनोनीत



**सागवाड़ा।** गुरु रविदास विश्वव महापीठ (भारत) के डूंगरपुर जिलाध्यक्ष समाज सेवी दलीचन्द बुनकर वगेरी को नियुक्ति किया गया है। यह जानकारी राजस्थान अध्यक्ष ओम प्रकाश मेघवाल और प्रदेश महामंत्री सोहनलाल मेघवाल ने दी। उन्होंने कार्यकारणी का विस्तार के निर्देश दिये है।

## सूरत जा रही बस का खलासी चलती बस के गेट से गिरा, इलाज के दौरान मौत

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थानान्तर्गत एनएच- 48 पर चुरू से सूरत जा रही बस का खलासी चलती बस के गेट से गिर गया। गंभीर घायल खलासी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वही परिजनों के चुरू से 24 घंटे बाद आने पर पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा। बिछीवाडा थाने के हेड कांस्टेबल तुलसीराम परमार ने बताया कि चुरू से गुजरात सूरत जा रही रजवाड़ी बस बिछीवाड़ा थाने के सामने से गुजर रही थी। 24 दिसम्बर को रात करीब 2 बजे खलासी जीवराजसिह (42) पुत्र छगनसिंह तंवर निवासी चुरू सदर बस के दरवाजे से नीचे गिर गया। नीचे गिरने से उसके सिर, हाथ-पैर पर गंभीर चोंटे आईं और लहूलुहान हो गया। सुचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पंहुचे। घायल खलासी जीवराजसिह निवासी चुरू को डूंगरपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान कल जीवराजसिह की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया।

घटना को लेकर जीवराजसिह के परिवार के लोगों को चुरू सूचना दी गई। चचेरा भाई जितेंद्रसिंह समेत परिवार के लोग आज डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पंहुचे। चचेरे भाई ने एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

# प्रदेश कांग्रेस के आदेश पर चलेगी हमारी सरकार: गहलोत





**जयपुर।** राजस्थान की गहलोत सरकार अब अपने कई बड़े फैसले और बज़ट घोषणाएं प्रदेश कांग्रेस के अधिवेशन के प्रस्ताव के आधार पर लेगी। जनवरी में कांग्रेस पार्टी की ओर से अधिवेशन बुलाकर प्रस्ताव पास किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मौजूदगी में आज से जयपुर के बाड़ा पदमपुरा में शुरू हुए कांग्रेस पार्टी के 3 दिन के ट्रेनिंग कैम्प में यह घोषणा हुई है। इस दौरान गहलोत ने कहा राज्य की कांग्रेस सरकार में बहुत अच्छे फैसले हुए हैं। हमारी योजना बहुत शानदार है। जिसे हमें जनता तक पहुंचाना पड़ेगा। लेकिन हम सब काम करने के बावजूद मार्केटिंग में बहुत पीछे रहते हैं। जबकि भाजपा वाले काम कुछ नहीं करते हैं। लेकिन वो मार्केटिंग में बहुत उस्ताद लोग हैं। खाली मार्केटिंग ही करते हैं,हमें इन बातों को समझना पड़ेगा। डो़टासरा ने ट्रेनिंग कैम्प के उद्घाटन सेशन में मुख्यमंत्री गहलोत से कहा कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान होना चाहिए। वो सरकार से जो भी चाहते हैं। जनता के हित में उनकी जो मांगें हैं। उसके लिए हम एक अधिवेशन जनवरी 2022 में बुलाएंगे। जिसमें प्रस्ताव पारित कर सरकार को दिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री गहलोत से कहा कि मैं उम्मीद करता हूँ आपने संगठन और सरकार दोनों में काम किया है। संगठन की बात को पूरी तवज्जो देंगे। गहलोत ने भी मंच से कहा कि मौजूदा सरकार के फैसले अभी तक तो हो गए हैं। अब कांग्रेस पार्टी सरकार को आदेश दे। पब्लिक में ये भावना होनी चाहिए। तब जाकर हमें भी काम करने में मजा आएगा। जब कांग्रेस कार्यकर्ता यह कहेंगे कि कांग्रेस कमेटी के माध्यम से कुछ काम होता है। गहलोत ने डोटासरा से कहा कि आप अधिवेशन बुलाओ। उसमें सरकार और मुख्यमंत्री की आलोचना होगी। जो होनी भी चाहिए। आप हमें कमियां बताओ। जो काम नहीं हो पाए उनके लिए मंत्री को कहें। ऐसा एक प्लेटफॉर्म होना चाहिए जहां पर खुलकर बात हो। मंत्री-मुख्यमंत्री जवाब दें। हर बात का लेखा-जोखा रहे। उसके बाद में जो प्रस्ताव आप पास करेंगे।

उसमें मुख्यमंत्री, मंत्री, पीसीसी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की भागीदारी होगी। उस प्रस्ताव के आधार पर जब सरकार विधानसभा में बजट पेश करती है। घोषणा करती है। स्कीम लेकर आती है। जब वह स्कीम लागू होती है। तो गांव में बैठा आदमी बोलता है कि हमारे कांग्रेस नेता के कहने से सरकार को यह स्कीम बनानी पड़ी है।गहलोत ने कहा कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान सब मिलेगा। प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने पीसीसी में मंत्रियों को जनसुनवाई के लिए बैठाना शुरू कर दिया है। कार्यकर्ता मंत्रियों से मिलना चाहें तो मिल सकते हैं। अगर अध्यक्ष अलग व्यवस्था कर देंगे कि कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से मिलें। तो हम उस दिन खाली कार्यकर्ताओं से ही मिलेंगे। हालांकि कोरोना की स्थिति के कारण इसमें कुछ गैप रहा है।

## राजस्थान में बारिश ने बढ़ाई ठिठुरन

**जयपुर।** राजस्थान में कई हिस्सों में हुई बारिश-बूंदाबांदी से सर्दी फिर बढ़ गई है। जयपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग के कई जिलों में आज सुबह से देर शाम तक अलग-अलग जगहों पर बारिश हुई। जयपुर, नागौर में देर शाम 2-2MM जबकि सीकर के फतेहपुर और अलवर में 0.5रूरू पानी गिरा। इसके साथ ही बरसात और मध्यम तेज हवाएं फिर कंपकंपी छुटाने लगी हैं। जयपुर मौसम विभाग ने अगले दो दिन 27-28 दिसंबर को भी राजस्थान के जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग में बारिश होने संभावना जताई है। एक बार फिर ठंड बढ़ने के आसार हैं। जयपुर की बात करें तो यहां शाम करीब 7 बजे से बूंदाबांदी शुरू हो गई, जो रुक-रुक कर करीब एक घंटे तक जारी रही। बूंदाबांदी के बीच चली सर्द हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई। वहीं, पैदल और मोटर साइकिल पर चलने वाले लोगों बारिश से बचते नजर आए। इससे पहले सुबह बीकानेर, गंगानगर क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हुई और हवाएं चलने लगी। वहीं बीकानेर, झुंझुनूं, चूरू, नागौर, सीकर, जयपुर समेत कई शहरों में दोपहर बाद बादल छाने लग गए। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बारिश के कारण अगले दो दिन रात के साथ-साथ दिन में भी सर्दी का असर बढ़ेगा। अधिकतम तापमान जो 26 डिग्री पर रहता था वो अब 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा।

# भुआ की स्मृति में रक्तदान करने आये भाई बहन का रक्त काम आया

**सागवाड़ा।**

स्व. तुलसी देवी की प्रथम पुण्यतिथि की स्मृति में सपना फाउंडेशन नगरकॉर्डिनेटर राहुल यादव (कुपडा) ने चौथी बार एवं कला यादव बड़गांव की ओर से तीसरी बार रक्तदान किया गया। उनकी ओर से डोनेट किया हुआ रक्त तुरन्त ही एक थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे को चढ़ाया गया। रक्त से किसी जरूरतमंद के जीवन मे जो खुशिया आती है वो सिर्फ रक्तवीर ही समझ सकते है। साथ ही जन्मदिन के अवसर पर रविन्द्र यादव द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल सर्राफ, सपना फाउंडेशन बांसवाड़ा प्रभारी सुनील शिवपुरा, डूंगरपुर प्रभारी पीयूष पिंडावल, नगर कॉर्डिनेटर रोहित




निनामा, गोविंद बड़गांव, नेहा जैन, केतन यादव उपस्थित रहे एवं ब्लड बैंक से डॉ नरेंद्र बघेल एवं श्वेता का सहयोग रहा।

## युवक ने खेत में नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**आसपुर थाना क्षेत्र के खेडा खोती गांव की घटना**

**डूंगरपुर।** जिले के आसपुर थाना क्षेत्र के खेडा खोती गांव में एक युवक ने खेत में नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वही आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपुर थानाधिकारी संजीव स्वामी ने बताया की आसपुर थाना क्षेत्र के खेडा खोती गांव निवासी 25 वर्षीय रमेश पुत्र गांगजी भगोरा आज सुबह करीब 4 बजे घर से खेतो में फसलो को पानी पिलाने गया था। काफी समय तक घर नहीं लौटने पर परिजन खेतो पर गए। खेतो पर जाकर देखा तो खेत में बनी झोपडी के पास नीम के पेड़ से रमेश का शव लटका हुआ था। सुचना पर मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वही परिजनों ने मामले की सुचना आसपुर थाना पुलिस को दी। सुचना पर आसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और आसपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया।

## जड़िया श्रीमाल समाज प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल डूंगरपुर-ए ने जीता

**डूंगरपुर।** वागड़ में आयोजित जड़िया श्रीमाल समाज प्रिमयुम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच डूगरपुर -ए- ने बांसवाड़ा टीम को 47 रनों से हराकर जीता। डूंगरपुर-ए ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी कर 131 रनों का का लक्ष्य दिया।बांसवाड़ा टीम 18 ओवर में 83 रनों परऑल आउट किया।

डूंगरपुर ए के सतीश श्रीमाल ने अपने 4 ओवर के स्पेल में 4 विकेट लिए। बेस्ट बॉलर शुभम श्रीमाल, बेस्ट बैट्समैन प्रियंक श्रीमाल, मेन ऑफ सीरीज मनीष श्रीमाल को jspl द्वारा परितोषित दिया एवम बेस्ट विकिट कीपिंग के लिए डॉ कुश को स्वस्तिक मेडिकल की तरफ से परितोषित दिया।



वागड़ में इस सीरीज को सफल बनाने सभी भामाशाह को jspl द्वारा सम्मानित कर आभार दिया। परितोषित आयोजन के अतिथि जड़िया श्रीमाल समाज के अध्यक्ष प्रवीण श्रीमाल, मार्गदर्शक दिनेश श्रीमाल, मुंगेड़ के जयंतीलाल चंदुलालजी, रमेश जड़िया, निठाउवा के राजेन्द्र जड़िया, पिण्डावल के नारायण लाल, प्रवीण चुनीलाल, बांसवाड़ा के नरेश श्रीमाल, डूंगरपुर मुकेश गेबिलाल और नीलम श्रीमाल का वागड़ समाज द्वारा स्वागत किया। आभार मनोहर चुनीलाल ने दिया।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रसव के नाम पर अवैध वसूली

**महिला एवं शिशु अस्पताल में प्रसव के नाम पर से अवैध वसूली का वीडियो वायरल**

**डूंगरपुर।** मेडिकल कॉलेज के महिला एवं शिशु अस्पताल में प्रसव के नाम पर से अवैध वसूली का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें हॉस्पिटल की एक महिला कार्मिक महिला से पैसे लेते हुए साफ दिखाई दे रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पीएमओ ने जांच कमेटी बनाई है। अवैध वसूली का जो वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो कब का है और किसने बनाया है इसकी जानकारी अभी तक सामने नही आई है और न ही पैसे लेने की कोई शिकायत अस्पताल प्रशासन को मिली है। वायरल वीडियो में एमसीएच हॉस्पिटल में कार्यरत जशोदा साजिदा बानो एक महिला से डिलेवरी के नाम पर पैसे मांगते हुए दिखाई दे रही है। इस पर महिला और उसके साथ आया युवक कहते है कि वो कह रहे थे कि ऑनलाइन तो मैं करता हूं तो पैसे भी मुझे देने पड़ेंगे। इस पर संविदाकर्मी जशोदा पूछती है कि वहां कितने दिए, महिला कहती है वहां 100 रुपये दिए, इस पर जशोदा कहती है यहां भी 100 रुपये ही दे दो। लेकिन महिला पहले जशोदा को 50 रुपये देती है तो जशोदा पैसे हाथ में लेने के बाद फैंक देती है ओर ज्यादा पैसे की डिमांड करती है। इस पर महिला 100 रुपये निकालकर देती है, जिसे ले लेती है। इसके बाद जशोदा वहां मैडम को दिए है बोल देना कहते हुए भी सुनाई दे रही है। इसके बाद पैसे देने वाली महिला और उसके साथ आया युवक वहां से चले जाते है। हालांकि पैसे देने महिला और युवक कौन है इस बारे में कोई पता नहीं चल सका है। पीएमओ ने बताया कि जशोदा की ओर से पैसे मांगने की कोई शिकायत उनके पास नहीं आई है। लेकिन वायरल वीडियो देखने के बाद उन्होंने मामले की जांच शुरू करवा दी है। इसके लिए एक कमेटी बनाई गई है जो जांच कर रिपोर्ट देगी और मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## जयपुर में 6 माह बाद सर्वाधिक 46 पॉजिटिव

**जयपुर।** राजस्थान में रविवार को कोरोना केसेस में जबर्दस्त इजाफा हुआ है। 24 घंटे में प्रदेश में 62 नए केस मिले। इसमें सबसे ज्यादा 46 मामले अकेले जयपुर से हैं। जयपुर में 6 महीने बाद एक दिन में सबसे ज्यादा नए पॉजिटिव आए हैं। एक ही दिन में संक्रमित 3 गुना से ज्यादा बढ़ गए। इससे पहले तक औसतन 15 पॉजिटिव आते रहे हैं। 19 जून को जयपुर में 55 मामले आए थे। जयपुर में बढ़ते केस अब प्रशासन के लिए चिंता का कारण बन गए हैं। राहत बस इतनी है कि नए मरीजों में कोई भी गंभीर नहीं बताया जा रहा। राजस्थान मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखें तो आज जयपुर के अलावा उदयपुर में 4, बीकानेर, गंगानगर में 3-3, अजमेर, प्रतापगढ़ में 2-2 और सीकर, जोधपुर में एक-एक केस मिले। पूरे प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या अब 318 हो गई।

## गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में वैकल्पिक चिकित्सा का नि:शुल्क शिविर एवं प्रबुद्ध वर्ग के साथ हुआ सम्मेलन

**सागवाड़ा।** गायत्री शक्तिपीठ श्री राम नगर सागवाडा में रावतभाटा कोटा परमाणु एटॉमिक सेंटर के वैज्ञानिक एवं अल्टरनेटिव चिकित्सा के विशेषज्ञ DR. M L parihar ने गायत्री परिवार सागवाड़ा द्वारा चलाए जा रहे संजीवनी साधना शिविर का अवलोकन कर गायत्री परिवार के कार्यो की सराहना की। वागड़ के दूर दराज से आये मरीजों की वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति से उपचार कर मरीजों को स्वस्थ रहने के उपाय बताए। परिहार प्रोजेक्टर पर वैकल्पिक चिकित्सा पर विस्तृत जानकारी दी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में चल रहे नौ दिवसीय तन- शुद्धि, मन- शुद्धि आत्म शुद्धि, कैंप के दौरान एक दिवसीय निशुल्क वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति का ओपीडी शिविर डॉक्टर एम. एल. परिहार रावतभाटा कोटा परमाणु एटॉमिक



सेंटर के वैज्ञानिक एवं अल्टरनेटिव चिकित्सा के विशेषज्ञ के द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 100 रोगियों को नि:शुल्क जांच परामर्श एवं निदान प्रदान किया। गया साथ ही साय कालीन सेमिनार में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, गलियाकोट प्रधान जय प्रकाश पारगी, सागवाड़ा तहसीलदार मयूर शर्मा, ललित पंचाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, हरीश चंद्र पाटीदार, डायालाल पाटीदार, विश्वनाथ पंड्या, देव शंकर सुथार, भरत भट्ट के सानिध्य में संपन्न हुआ शिविर के दौरान मस्तिष्क रोगी कमर घुटना दर्द के रोगी डायबिटीज मानसिक तनाव मानसिक अवसाद पार्किंसन अजमेरिया डिमेंशिया इत्यादि रोगों के रोगियों को वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वस्थ रहने के तरीके बताएं। नौ दिवसीय साधना सत्र में देश भर से 40 शिविरार्थी तन शुद्धि मन शुद्ध आत्म शुद्धि का लाभ ले रहे हैं। सम्मेलन में हरिमुख भट्ट, लालशंकर पाटीदार, राकेश भट्ट, वेलचंद पाटीदार, नारायण पंडया, किशोर भट्ट, रमणलाल पाटीदार, मनोज दीक्षित मौजूद थे। आभार राजेंद्र भट्ट खड़गदा ने व्यक्त किया।

## वालीबॉल प्रतियोगिता- कानपुर ने चाडोली को 2-1 से हराया

**बांसिया में चल रही दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन**



**सीमलवाड़ा।** बांसिया में चल रही दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार शाम को हुआ। फाइनल मुकाबले में कानपुर ने चाडोली को 2-1 से हराया । इससे पूर्व सेमीफाइनल मैच में चाडोली ने बांसिया को एवं कानपुर में भीलूड़ा को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मैच देखने को लेकर बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों का जमावड़ा बना रहा। फाइनल मैच बहुत ही रोमांचकारी रहा । फाइनल मैच कानपुर को विजय दिलाने में नेट कीपर अर्पित भाटिया का विशेष योगदान रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एएसआई अशोक कलाल, अध्यक्षता सरपंच सूरज देवी डोडियार, विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार, समाजसेवी शंभू लाल कलाल, वार्ड पंच किशु यादव , कांस्टेबल जीतमल मीणा रहे। अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी व नकद राशि से सम्मानित किया गया। विजेता टीम के कप्तान भरत भट्ट, उप विजेता टीम के कप्तान ईश्वर लाल पाटीदार ने अपनी टीम की अगुवाई की। मुख्य अतिथि एएसआई अशोक कलाल ने खिलाड़ियों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

संचालन गुणवंत कलाल ने किया एवं आभार महावीर सिंह राठौड़ ने जताया। रौनक कलाल, अर्जुन सिंह, जीनू दर्जी , भूपेंद्र सिंह चौहान, वंशु, दिलराज, छोटू, रविराज, रमण बंजारा, करण सिंह, प्रवीण आमलिया, लक्ष्मण कलाल, अजीत सिंह राठौड़ समेत ने सहयोग किया।